# गौ संरक्षण कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं: डीएम

## जिलाधिकारी ने गौ आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक कर संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश





**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** मंगलवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने गौ आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं के संबंध में समीक्षा बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि भीषण गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए सभी गौ आश्रय स्थलों पर गोवंशों के लिए समुचित छायादार व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल एवं पर्याप्त चारे की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि गोवंशों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु नियमित चिकित्सा व्यवस्था बनाए रखी जाए तथा पशु चिकित्सकों द्वारा समय-समय पर निरीक्षण किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गौ आश्रय स्थलों पर चारा, भूसा एवं अन्य आवश्यक सामग्री का स्टॉक रजिस्टर नियमित रूप से अद्यतन रखा जाए तथा सभी व्यवस्थाओं की सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप गौ संरक्षण कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और सभी संबंधित अधिकारी अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार, अपर जिलाधिकारी विनीत कुमार उपाध्याय, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी अरविंद कुमार त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी राहुल वर्मा सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## तहसील परिसर में अवैध पार्किंग के खिलाफ अधिवक्ताओं का प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** तहसील में सिविल बार एसोसिएशन के महामंत्री पुष्पेंद्र तोमर एडवोकेट एवं समाजसेवी मोहित चौहान के नेतृत्व में तहसील परिसर में बनी नई सड़क पर अवैध पार्किंग के खिलाफ अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन किया।

अधिवक्ताओं ने एसडीएम भावना सिंह को अवगत कराते हुए कहा कि तहसील परिसर में डेढ़ करोड़ रुपए की लागत से नई सड़क बनाई गई थी जिस पर लोगों ने अपनी गाड़ियां खड़ी करनी शुरू कर रखी है यह अवैध पार्किंग का अड्डा इस सड़क को बना दिया है जबकि बराबर में गाड़ियां खड़ी करने का मैदान पड़ा हुआ है उन्होंने पुलिस प्रशासन से यहां से अवैध पार्किंग का अड्डा खत्म करने यहां से गाड़ियों को हटाने की मांग की है। इस सड़क का नगर पालिका परिषद द्वारा नव निर्माण कराया गया था। इस मौके पर सिविल बार एसोसिएशन के महामंत्री पुष्पेंद्र तोमर एडवोकेट ने कहा कि यदि पुलिस प्रशासन ने इस पर संज्ञान नहीं लिया तो अधिवक्ता तहसील परिसर में इसके खिलाफ धरना देंगे। प्रदर्शन करने वालों में समाजसेवी मोहित चौहान आकाश कुमार संजीव पाल विक्रांत राठी मनोज दांगी सचिन चौहान संजीव तोमर आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## विश्व नर्सिस दिवस पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** नगर के कोताना रोड़ पर विश्व नर्सिस दिवस के अवसर पर चौधरी केहर सिंह इंस्टीटयूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस एण्ड हॉस्पिटल कोताना रोड बड़ौत में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गये। इस अवसर पर केक काटकर दुनिया की प्रथम नर्स फ्लारेंस नाइटेंगिल का जन्म-दिवस मनाया गया।

मंगलवार को हुए कार्यक्रम में संस्था के सचिव डा.मनीष तोमर ने विश्व की प्रथम नर्स फ्लोरेंस नाइटिंगल के चित्र सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर तथा चित्र पर तिलक लगाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उन्होने नर्सिंग स्टाफ को डाक्टर से भी महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि डॉक्टर के बाद नर्सिंग स्टाफ ही मरीज को विश्वास दिलाता है कि समय से दवाई खाने और फ़रहेज रखने से आप स्वस्थ हो जाएंगे। आज देश ही नहीं विदेशों में भी नर्सिंग सेवा देने के भरपूर अवसर है। इसमें नियमितता अति आवश्यक डा.गीताजंलि तोमर ने दुनिया की प्रथम वर्ष के चित्र के सामने पुष्प अर्पित लिए और नर्सिंग का प्रशिक्षण ले रहे छात्र-छात्राओं को उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का आहवान किया। संस्थान में फ्लोरेंस नाइटिंगल का जन्म दिन पर जीएनएम व बीएससी नर्सिंग में प्रशिक्षण हे रहे छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत से अतिथियों का सत्कार किया। संस्था के प्राचार्य डा.महेन्द्र कुमार लाम्बा ने नर्सिंग के छात्र-छात्राओं को दुनिया की प्रथम नर्स जैसी सेवाभाव और अपने काम के प्रति सजगता एवं समर्पण को अपने व्यक्तित्व में शामिल करने का आव्हान किया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 2026 की थीम हमारी नर्स हमारा भविष्य है, जो जीवन बचाने में सहयोग करती है। यह व्यवसाय हमें समाज में सम्मान और पहचान दिलाता है। इसीलिए नि:स्वार्थ भाव से काम करें, रोगी के साथ अपनत्व और प्यार से बातें करके उनको ठीक करने में मदद करें। संस्था की उपप्राचार्या दुष्यंता जोगी ने नर्स को निस्वार्थ सेवा की मूर्ति बताते हुए चिकित्सा की रीढ़ कहा। उन्होंने कहा कि नर्स डॉक्टर और मरीज के मध्य की कड़ी है, जो मरीजों की देखभाल करके समय से दवाई देती हैं। इस अवसर पर डा.डिंपी, मंजू कुमारी, प्रतिभा शर्मा, तनिष्का रुहेला, पल्लवी राठी, रितिका राठी, शहरोज, उज्जवल, मोहित कुमार, आशीष कुमार, सोनू, शिवम, जसवीर सिंह आदि उपस्थित रहें।



## ग्रामीणों ने लगाया सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे का एक मामला सामने आया है। मंगलवार को बागपत के मुकुंदपुर गांव निवासी मोहित कुमार और ग्रामीणों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर शिकायत पत्र सौंपा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव की खसरा संख्या 3027 की जमीन पर कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा है और प्रशासन से कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

ग्रामीणों का कहना है कि यह जमीन ग्राम समाज और सार्वजनिक उपयोग की है, लेकिन कुछ दबंग लोग इस पर निर्माण कार्य कराने का प्रयास कर रहे हैं। शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया कि पहले भी प्रशासन द्वारा निर्माण रुकवाने की कार्रवाई की गई थी, लेकिन उसके बाद दोबारा कब्जे की कोशिश शुरू हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि अवैध निर्माण के चलते गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है और लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। शिकायत पत्र में यह भी कहा गया कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो सरकारी भूमि पूरी तरह कब्जे में चली जाएगी। ग्रामीणों ने मांग की कि संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए और सरकारी जमीन को कब्जामुक्त कराया जाए। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कराने और गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने की मांग की।



## डीएम के आश्वासन पर अटका नाली का निर्माण कार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** बड़ौत तहसील क्षेत्र के लुहारी गांव में अधूरी पड़ी नाली निर्माण की समस्या को लेकर ग्रामीणो ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और डीएम को शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की। ग्रामीण ने बताया कि गांव का गंदा पानी निकालने के लिए कुछ समय पहले नाली की खुदाई कराई गई थी, लेकिन निर्माण कार्य आज तक पूरा नहीं कराया गया।

ग्रामीण का आरोप है कि नाली की केवल खुदाई होने के कारण गांव में गंदा पानी जमा हो रहा है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के दौरान हालात और खराब हो जाते हैं तथा आसपास बदबू और जलभराव की समस्या बनी रहती है। कहा कि कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। इसी से परेशान होकर वह ग्रामीणों के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और डीएम से जल्द नाली निर्माण पूरा कराने की मांग की। वहीं जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। डीएम ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जल्द ही समस्या का समाधान कराया जाएगा ताकि गांव के लोगों को राहत मिल सके।



**सूचना**
मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र सुधाकर शर्मा व पुत्रवधू पूजा शर्मा से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। प्रमोद पुत्र हर स्वरूप निवासी गांधी रोड़ बडौत थाना बडौत जनपद बागपत।

सम्मन वास्ते करारवाद उमर तनकीह तलब, (ऑर्डर 5 कायदा 1 व 5), न्यायालय परगनाधिकारी बडौत, (बागपत)।, वाद सं.-402311 सन् 2025, रामपाल सिंह बनाम जयभगवान आदि, अं.धारा 20900 उ.प्र.रा.सं.-2006, मौजा-महावतपुर।, प्रतिवादी/विपक्षी सं. -1 ता 7, 1.जयभगवान पुत्र मनफूल, 2. वेदप्रकाश पुत्र रामगोपाल, 3.मनोज कुमार पुत्र ओमविन्दर, 4.रणवीर सिंह पुत्र सुखदेव, 5.राजेन्द्र सिंह पुत्र भूप सिंह, 6. विनोद कुमार पुत्र रामपाल सिंह, 7.सर्व उदय मन्दिर हाईस्कूल/महावतपुर बावली दवारा प्रबन्धक।, समस्त निवासीगण ग्राम महावतपुर, परगना व तहसील बडौत, जनपद बागपत।, हरगाह प्रार्थी/वादी ने आपके नाम एक वाद सं.- 402311 सन 2025 मौजा महावतपुर योजित किया हैं। लिहाजा आपको हुक्म होता हैं कि आप बतारीख 13/5/2026 वक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमें के हालात से कराकर वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमूरात अहम मुतलिल्हका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जो जवाब ऐसे सवालात दे सके, हाजिर हो। दस्तावेज पेश करे जिन पर आप बताईद अपनी जवाबदेही दे इस्तदमाल करना चाहते हो। आपको इत्तिला दी जाती हैं कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आप मसमुअ और फैसला होगा।
परगनाधिकारी बडौत (बागपत)।

## हाईवे पर बाइक और रिक्शा की टक्कर में दंपति व बच्चा घायल





**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** शहर कोतवाली क्षेत्र में दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर एक बाइक और रिक्शा की टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में बाइक सवार दंपति और उनका 12 वर्षीय बच्चा घायल हो गए। तीनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

लोनी निवासी दंपति अपनी जांच रिपोर्ट लेने के लिए जिला अस्पताल जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। बाइक आगे चल रही रिक्शा से टकरा गई। इस भिड़ंत में 12 वर्षीय बच्चा घायल हुआ, जबकि दंपति गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने घायलों को तुरंत निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही है। दंपति की हालत गंभीर बताई गई है। सभासद भविचंद कश्यप ने बताया कि बाइक की रफ्तार अधिक होने के कारण यह हादसा हुआ। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।



# कार्यालय सचिव ग्राम पंचायत रठौड़ा वि.ख. छपरौली ( बागपत )

**पत्रांक: मीमों** /15वॉ वित्त/रा.वित्त/के.वित्त/2026-27 **दिनांक**-11.05.2026

## अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना

ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्ययोजना के अन्तर्गत राज्य वित्त / केंद्रीय वित्त आयोग/एसबीएम तथा अन्य मद की धनराशि से निम्नलिखित कार्यो को कराने हेतु इच्छुक पंजीकृत ठेकेदारों से सीलबंद निविदायें/कुटेशन दिनांक- 16.05.2026 समय 01.00 बजें अपराह्न तक ग्राम पंचायत कार्यालय में रखे टेण्डर बॉक्स में निम्नलिखित शर्तो सहित आमंत्रित की जाती है। निविदायें/कुटेशन दिनांक- 16.05.2026 को समय 3.00 बजें अपराह्न ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा/कुटेशन प्रपत्र ग्राम पंचायत के कार्यालय से निविदा/कुटेशन मूल्य देकर प्राप्त की जा सकती है। धरोहर राशि 10 प्रतिशत में से 02 प्रतिशत धनराशि निविदा/कुटेशन के साथ शेष धनराशि 08 प्रतिशत का कार्य आदेश पर एन.एस.सी./एफ.डी. के रूप में प्राप्त की जायेगी जो सचिव, ग्राम पंचायत के नाम बंधक होगी। अपेक्षित जानकारी किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। कार्यो का विवरण निम्न प्रकार है-

| क्र. स. | योजना का नाम | स्वीकृत कार्य का नाम व स्थल | अनुमानित लागत ( लाखरू. में ) | निविदा मूल्य | धरोहर राशि 2% | कार्य की लम्बाई ( मी. ) | कार्य की अवधी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पं.रा.वित्त / 15 वॉ वित्त | शराफत के मकान से तालाब तक आरसीसी नाला निर्माण कार्य। | 450000 | 420 | 9000 | 100 | 3 माह |
| 2 | पं.रा.वित्त / 15 वॉ वित्त | सोलू के मकान से बाबू के मकान तक सीसी निर्माण कार्य। | 350000 | 315 | 7000 | 70 | 3 माह |
| 3 | पं.रा.वित्त / 15 वॉ वित्त | मनोत भांडा के मकान से खजानी की दुकान तक सीसी व नाली निर्माण कार्य। | 498000 | 415 | 10000 | 121 | 3 माह |
| 4 | पं.रा.वित्त / 15 वॉ वित्त | कृष्ण के मकान से आर्यसमाज तक सीसी व नाली निर्माण कार्य। | 495000 | 420 | 10000 | 100 | 3 माह |
| 5 | पं.रा.वित्त / 15 वॉ वित्त | गुलजार के मकान से मुनतियाज के मकान तक सीसी व नाली निर्माण कार्य। | 275000 | 210 | 5500 | 50 | 3 माह |
| 6 | पं.रा.वित्त / 15 वॉ वित्त | अमित बेगू के मकान से इदरीश के मकान तक सीसी व नाली निर्माण कार्य। | 179900 | 200 | 3600 | 50 | 3 माह |
| 7 | पं.रा.वित्त / 15 वॉ वित्त | दिनेश के मकान से मैन रास्ते तक सीसी व नाली निर्माण कार्य। | 125000 | 210 | 2500 | 20 | 3 माह |
| 8 | पं.रा.वित्त / 15 वॉ वित्त | इस्लाम मामू के मकान से मेन रोड़ तक सीसी व नाली निर्माण कार्य। | 400000 | 420 | 8000 | 150 | 3 माह |
| 9 | पं.रा.वित्त / 15 वॉ वित्त | इकराम मिस्त्री से सलीम मिस्त्री के मकान तक सीसी व नाली निर्माण कार्य। | 200000 | 210 | 4000 | 40 | 3 माह |
| 10 | पं.रा.वित्त / 15 वॉ वित्त | ताहिर के मकान से मेन रास्ते तक सीसी निर्माण कार्य। | 100000 | 210 | 2000 | 40 | 3 माह |
| 11 | पं.रा.वित्त / 15 वॉ वित्त | इलियास के मकान से डोहबी वाले पुल तक सीसी निर्माण कार्य। | 342000 | 415 | 6900 | 70 | 3 माह |
| 12 | पं.रा.वित्त / 15 वॉ वित्त | विभिन्न स्थानो पर सीसी निर्माण कार्य। | 244700 | 315 | 4900 | 100 | 3 माह |
| 13 | पं.रा.वित्त / 15 वॉ वित्त | भिल्लर से मेन रोड़ तक सीसी निर्माण कार्य। | 500000 | 525 | 10000 | 50 | 3 माह |
| 14 | पं.रा.वित्त / 15 वॉ वित्त | महमूद के मकान से रामा तक सीसी निर्माण कार्य। | 500000 | 525 | 10000 | 150 मी. | 3 माह |
| 15 | पं.रा.वित्त / 15 वॉ वित्त | डाकखाने से खाटो के मकान तक सीसी निर्माण कार्य। | 450000 | 420 | 9000 | 60मी. | 3 माह |
| 16 | पं.रा.वित्त / 15 वॉ वित्त | हरपाल फौजी के मकान से लोहदा वालें तालाब तक सीसी निर्माण कार्य। | 475000 | 420 | 10000 | 50 मी. | 3 माह |
| 17 | पं.रा.वित्त / 15 वॉ वित्त | दीनु से टुक्की के मकान तक सीसी निर्माण कार्य। | 300000 | 325 | 6000 | 100 | 3 माह |
| 18 | पं.रा.वित्त / 15 वॉ वित्त | गोरे के मकान से मेन रास्ते तक सीसी निर्माण कार्य। | 310000 | 315 | 6200 | 70 मी. | 3 माह |
| 19 | पं.रा.वित्त / 15 वॉ वित्त | विभिन्न स्थानो पर चैनल निर्माण कार्य। | 350000 | 315 | 7000 | 100 मी. | 3 माह |
| 20 | पं.रा.वित्त / 15 वॉ वित्त | कृष्ण से अब्बास के मकान तक सीसी निर्माण कार्य। | 250000 | 210 | 5000 | 150 | 3 माह |
| 21 | पं.रा.वित्त / 15 वॉ वित्त | पुनित मास्टर के घर से इकबाल पीतम के मकान तक सीसी निर्माण कार्य। | 300000 | 315 | 6000 | 100 | 3 माह |
| 22 | पं.रा.वित्त / 15 वॉ वित्त | सेरेश मास्टर के मकान से लक्ष्मण के मकान तक सीसी निर्माण कार्य। | 100000 | 105 | 2000 | 50 | 3 माह |
| 23 | पं.रा.वित्त / 15 वॉ वित्त | खास के पुल से आर्यसमाज तक ब्रिक बेट डलवाने का कार्य। | 475000 | 420 | 9500 | 150 | 3 माह |
| 24 | पं.रा.वित्त / 15 वॉ वित्त | बाबू के मकान से आर्य समाज तक दीवार निर्माण कार्य। | 250000 | 210 | 50000 | 70 | 3 माह |

**नोट- अनुबन्ध आदि की कार्यवाही कार्यो की तकनीकी, वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति के प्राप्त होने के उपरान्त ही सम्पादित की जायेगी। प्राक्कलन की धनराशि घटाई/बढ़ाई जा सकती है। किसी कारणवश उक्त स्वीकृति प्राप्त न होने की दशा में यह निविदा/कुटेशन स्वत: निरस्त समझी जायेगी।**

1. बिना कोई कारण बताये निविदा/कुटेशन निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
2. कोई भी सशर्त निविंदा/कुटेशन स्वीकार नही की जायेगी। समस्त कार्य निर्धारित अवधि **तीन माह** में पूर्ण करने होगें।
3. निविदायें/कुटेशन दरें स्पष्ट भरी जायें, कटिंग/ओवर राईटिंग मान्य नही होंगी।
4. प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा/कुटेशन देनी अनिवार्य है।
5. प्राप्त निविदाओं की समीक्षा उपरान्त सबसे कम दरों वाली निविदा/कुटेशन को ही स्वीकृती प्रदान की जायेगी।
6. निविदा में दर्शाये गयी कार्य की माप/नगो की संख्या आवश्यकतानुसार घटाई एंव बढ़ाई जा सकती है।
7. भुगतान के पूर्व कार्य के बिल से सभी देय कर एंव जामनत राशि की कटौती नियमानुसार की जायेगी।

**प्रधान**
**ग्राम पंचायत रठौड़ा**
**विकास खण्ड- छपरौली ( बागपत )**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत रठौड़ा**
**विकास खण्ड- छपरौली ( बागपत )**

